प्रादेशिक समाचार
दिनांक–12.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की अधिसूचना की जारी, 10 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों के 94 संसदीय सीटों पर 19 अप्रैल तक होगा नामांकन।
- एनआईए ने झारखंड में दो और असम में दो स्थानों पर छापामारी की, खूंटी से पीएलएफआइ का कुख्यात उग्रवादी गिरफ्तार।
- राजधानी रांची में फ्लाईओवर निर्माण कर रही कंपनी प्रोजेक्ट मैनेजर से मांगी गयी रंगदारी, पुलिस कर रही है छानबीन।
- प्रधानमंत्री ने गर्मी के मौसम की तैयारियों को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक, राज्य के दक्षिण और पश्चिम इलाके में गर्जन, वज्रपात और हवा के साथ हल्की बारिश की संभावना
- रांची के खेलगांव में तीन दिवसीय ओपन टेनिस प्रतियोगिता का आज से होगा शुभारंभ।

**************

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की अधिसूचना जारी कर दी है। इस चरण में दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 94 संसदीय सीटों के लिए चुनाव होंगे। गुजरात की सभी 26 सीटों, कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10, मध्य प्रदेश की 8, छत्तीसगढ की 7, बिहार की 5, असम और पश्चिम बंगाल की 4–4 सीटें, गोवा, दादर नगर हवेली तथा दमन और दीव की 2–2 सीटें और जम्मू–कश्मीर की एक सीट के लिए मतदान होगा। मध्य प्रदेश में बेतुल निर्वाचन क्षेत्र के लिए भी अधिसूचना जारी हो गई है। इस निर्वाचन क्षेत्र के लिए दूसरे चरण में मतदान होना था लेकिन बहुजन समाज पार्टी उम्मी दवार की मृत्यु के बाद इसे स्थगित कर दिया गया था। तीसरे चरण के लिए इस महीने की 19 तारीख तक नामांकन भरे जा सकेंगे। मतदान 7 मई को होगा।

**************

प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआइ को फिर से अस्तित्व में लाने के आरोप में नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी, एनआइए ने झारखंड में दो और असम में दो स्थानों पर छापामारी की। इस कार्रवाई में खूंटी से बिनोद मुंडा उर्फ सुक्खवा को गिरफ्तार किया गया। पीएलएफआइ उग्रवादी बिनोद के खिलाफ दर्ज चार मामलों में एनआइए को उसकी तलाश थी। एनआइए की टीम ने तलाशी के दौरान दो वॉकी टॉकी, पांच मोबाइल फोन, सिम कार्ड व 11 हजार रुपये नकद बरामद किया। इसके अलावा पीएलएफआइ से संबंधित दस्तावेज सहित कई आपत्तिजनक सामग्री मिली हैं। इससे पहले दो आरोपियों को तीन लाख रुपये नकद, हथियार और गोला–बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया था। एनआइए ने पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद संगठन को पुनर्जीवित करने की कोशिश करने के मामले में मार्टिन केरकट्टा और पीएलएफआइ के अन्य सदस्यों के खिलाफ आइपीसी और यूए(पी)ए की धाराओं के तहत 11 अक्तूबर 2023 को मामला दर्ज किया था। एनआइए की जांच में यह बात सामने आयी है कि पीएलएफआइ को पुनर्जीवित करने के लिए पीएलएफआइ सदस्यों और कैडरों की ओर से झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के विभिन्न कोयला व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, रेलवे ठेकेदारों, व्यापारियों से जबरन वसूली के माध्यम से धन जुटाया जा रहा था।

**************

राजधानी रांची में फ्लाई ओवर का निर्माण कर रही कंपनीके प्रोजेक्ट मैनेजर से रंगदारी मांगी गई है। रांची के सुखदेव नगर थाने में शिकायत दर्ज की गई है। प्रोजेक्ट मैनेजर मोहम्मद साबिर ने राहुल कुमार पर 5 प्रतिशत रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है ।रांची पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है ।

**************

दुमका लोकसभा का चुनाव झारखंड मुक्ति मोर्चा इस बार पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रो स्टीफन मरांडी के नेतृत्व में लड़ेगा। यह पहली बार होगा, जब पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन स्वास्थ्य कारणों से चुनाव प्रचार में हिस्सा नहीं लेंगे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में हैं। ऐसे में पार्टी ने दुमका लोकसभा चुनाव प्रो मरांडी की अगुआई में लड़ने का फैसला किया है। स्टीफन मरांडी ने सीता सोरेन को सोरेन परिवार और झामुमो की एक कमजोर कड़ी बताते हुए भाजपा पर झामुमो और शिबू सोरेन परिवार को खत्म करने की साजिश करने का आरोप लगाया है।

**************

खूंटी में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मद्देनजर गठित फ़्लाइंग स्क्वॉड टीम लगातार जांच अभियान में जुटी है। फ़्लाइंग स्क्वॉड टीम ने मुरहू थाना क्षेत्र के बांदे गांव से कल एक लाख 44 हजार 500 रुपये नगदी बरामद की है। मुरहू सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी और मुरहू थाना प्रभारी नावल गॉडविन के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में नगदी की बरामदगी हुई।

**************

लोकसभा चुनाव के दौरान सभी मतदान केन्द्रों को आदर्श बूथ के रूप में डेवलप किया जा रहा है।

**************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

**************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी गर्मी के मौसम की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की है। प्रधानमंत्री को इस वर्ष अप्रैल से जून की अवधि में तापमान परिदृश्य के बारे में जानकारी दी गई है। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने सरकार के संपूर्ण दृष्टिकोण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र, राज्य और जिला स्तर पर सरकार के सभी अंगों और विभिन्न मंत्रालयों को इस स्थिति के अनुरूप कार्य करने की आवश्यकता है। श्री मोदी ने अस्पतालों में पर्याप्त तैयारी के साथ–साथ जागरूकता बढ़ाने, जंगल की आग का तुरंत पता लगाने और उसे बुझाने की आवश्यकता बल दिया। बैठक में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, गृह सचिव, मौसम विभाग और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने भाग लिया।

**************

बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनाने का आंशिक असर झारखंड पर भी पड़ा है। कल राजधानी रांची सहित आसपास के इलाकों में आकाश में बादल छाए रहे वही हजारीबाग लातेहार लोहरदगा रामगढ़ बोकारो धनबाद गिरिडीह सहित कई इलाकों में हल्की बारिश भी हुई बादल छाए रहने और हल्की बारिश के कारण राजधानी रांची सहित कई जिलों के तापमान में गिरावट आई है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा है कि झारखंड के दक्षिण और पश्चिम इलाके में 12 अप्रैल की सुबह मौसम शुष्क रहेगा जबकि दोपहर बाद मौसम में एक बार फिर बदलाव आने की संभावना है गर्जन वज्रपात और हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है 15 से 17 अप्रैल तक मौसम शुष्क रहेगा और अधिकतम तापमान में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है 18 अप्रैल से एक बार फिर मौसम में बदलाव की संभावना जताई गई है।

**************

रांची के खेलगांव स्थित टेनिस स्टेडियम में आज से 14 अप्रैल तक ओपन टेनिस चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में लड़के–लड़कियों के अलावा 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ी भी शामिल होंगे। चैंपियनशिप के इवेंट कैटेगरी में लड़के–लड़कियों के लिए सिंगल्स और डबल्स कैटेगिरी की विभिन्न श्रेणियों के मैच खेले जाएंगे। वेटरन ओपन सिंगल्स और डबल्स में 35 वर्ष या इससे अधिक उम्र के खिलाड़ियों के अलावा 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ी भी खेलेंगे।

**************

अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने प्रकृति पर्व सरहुल को पूरे राज्य में धूमधाम से मनाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने फ्लाईओवर के प्रोजेक्ट मैनेजर से मांगी लेवी की खबर को अपने पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने एक करोड़ के ईनामी मिसिर और पतिराम दस्ते के 15 नक्सलियों ने किया सरेंडर की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने अधिकारियों के दबाव में बदली गयी जमीन हड़पने की प्राथमिकी, पहली शिकायत में था अंबा का नाम, पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव का नाम की खबर को अपने पहले पृष्ठ पर प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने खूंटी से एनआई ने एक उग्रवादी को किया गिरफ्तार की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।

और राष्ट्रीय नवीन मेल ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का नामांकन आज से, की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

वहीं अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने बीआरएस नेत्री के. कविता को सीबीआई ने किया गिरफ्तार की खबर को प्रमुखता दी है।

************